तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 15 जून 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 60 छायादार पौधों का रोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश...





10 नया शिक्षण सत्र शुरू होने से पहले तैयारियां पूरी करने ...




## खबर संक्षेप

### अवैध शराब बेचने वाला भेजा गया जेल

**भिलाई।** अवैध रूप से शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना उतई थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मुक्तिधाम रोड, पतोरा में दबिश देकर गोडपेंडरी निवासी सत्यवीर खुटियारे को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने 30 पौवा देशी मसाला शराब कुल 5.4 बल्क लीटर जब्त किया गया। जिसकी कीमत 3 हजार रुपए आंकी गई है। उतई थाना प्रभारी अनिल कुमार पटेल समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### जेवरात चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** मकान से सेना चांदी के जेवरात पार करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उतई पुलिस ने बताया कि स्टेशन मरोदा निवासी सोहद्रा साहू के घर से आलमारी में रखे जेवरात पार हो गया था। जिसकी कीमत 62 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपी की तलाश में जुटी रही। विवेचना में संदेह के आधार पर आरोपिया ग्राम रुपास, जिला भरतपुर राजस्थान जो वर्तमान में शंकर नगर वार्ड 18 शास्त्री चौक कैम्प 1 निवासी पूर्णिमा साहू को पकड़ा गया। उससे पूछताछ करने पर मकान में चोरी करना स्वीकार किया। उसके पास से पुलिस ने सोना चांदी के जेवरात जब्त किए गए। न्यायालय दुर्ग में पेश कर उसे केंद्रीय जेल दुर्ग भेजा गया।

### 16 जून से ही खुलेंगे स्कूल

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर विराम लग गया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, राज्य की सभी शासकीय एवं अशासकीय (निजी) शालाओं का विधिवत संचालन 16 जून मंगलवार से प्रारंभ कर दिया जाएगा। पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर यह भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही थी कि भीषण गर्मी या अन्य कारणों से नया शैक्षणिक सत्र 1 जुलाई से शुरू होगा। विभाग ने इस खबर का पूरी तरह खंडन करते हुए इसे असत्य, भ्रामक और फर्जी करार दिया है।

### नाबालिग को लात घूसों से पीटते रहे, वीडियो वायरल

**भिलाई।** नाबालिगो ने मिलकर सात वर्षीय बालक की जमकर पिटाई करने का मामला सामने आया है।जिसका वीडियों भी सोशल मीाडिया जमकर वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक वायरल वीडियो सात दिन पुराना है। जिसमें देखा जा सकता है कि एक नाबालिग गला दबाने का प्रयास करता दिखाई दे रहा है। जबकि अन्य नाबालिग लात-घूसों,डंडों से उसे पिटते नजर आ रहें है। मामले में पुलिस ने 6 नाबालिगों को हिरासत में लेकर बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है।

# आनंदगांव में सांसद विजय बघेल ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे प्रगति पथ यात्रा अभियान के तहत आनंदगांव में विशेष जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाते हुए विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा और किसानों के हित में किए गए कार्यों को प्रमुखता से रखा। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में देश को विकास और आत्मनिर्भरता की नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि 5 जून से 21 जून तक पर्यावरण संरक्षण और हरित भारत के उद्देश्य से विशेष वृक्षारोपण अभियान भी संचालित किया जा रहा है, जिसमें जन भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। पूर्व विधायक ने कहा कि दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल जनसंपर्क यात्रा के माध्यम से गांव-गांव पहुंचकर आम नागरिकों, किसानों, युवाओं और प्रबुद्धजनों से संवाद स्थापित कर रहे हैं तथा केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं।

## प्रगति पथ यात्रा के जरिए भाजपा ने गिनाईं केंद्र सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियां

### जनविश्वास को और मजबूत करने का अभियान : विजय बघेल

सांसद विजय बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रगति पथ यात्रा का उद्देश्य जनता के विश्वास को और अधिक मजबूत करना तथा विकास एवं जनहित के कार्यों को गति देना है। उन्होंने बताया कि दुर्ग लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभा क्षेत्रों में लगातार जनसंपर्क कर लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है, जिससे जनता की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं ▶▶| शेष पेज 10 पर



### प्राकृतिक और जैविक खेती अपनाने का आह्वान

कार्यक्रम में किसानों को संबोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरता और पर्यावरण दोनों प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती की ओर कदम बढ़ाना चाहिए, जिससे कृषि उत्पादन के साथ-साथ मिट्टी की गुणवत्ता और पर्यावरण का ▶▶| शेष पेज 10 पर

## साइबर ठगी की रकम के लेन-देन में इस्तेमाल हो रहे बैंक खातों का खुलासा

# साइबर ठगी नेटवर्क पर पुलिस की कार्रवाई म्यूल अकाउंट गिरोह का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साइबर अपराध और म्यूल अकाउंट नेटवर्क के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रायपुर केंद्रीय जेल में बंद आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लाकर पूछताछ की और पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर न्यायालय में पेश किया। मामले की विवेचना अभी जारी है तथा अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा को सूचना मिली थी कि इंडियन बैंक शाखा बेमेतरा के एक खाते का उपयोग साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त रकम के लेन-देन के लिए किया जा रहा है।

- बैंक खाते से हुआ लाखों रुपये का संदिग्ध लेन-देन

सूचना की तस्दीक के दौरान पता चला कि संबंधित खाता ग्राम मुरता निवासी धर्मराज साहू के नाम पर संचालित है। बैंक खाते के स्टेटमेंट की जांच में 23 मई 2025 से 1 जुलाई 2025 के बीच खाते में करीब 6.65 लाख रुपये जमा तथा 6.52 लाख रुपये आहरित होना पाया गया। जांच के दौरान एक संदिग्ध लेन-देन भी सामने आया। पुलिस ने पाया कि खाते का उपयोग धोखाधड़ी से प्राप्त राशि के संवर्धन और लेन-देन के लिए किया गया था, जिसके आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

**लोन दिलाने के नाम पर खुलवाए गए खाते:** पूछताछ में धर्मराज साहू ने खुलासा किया कि ग्राम मुरता के संतोष साहू एवं एक अन्य व्यक्ति ने उसे लोन दिलाने का झांसा देकर विभिन्न बैंकों में खाते खुलवाए थे। खाते खुलवाने के बाद पासबुक, एटीएम कार्ड और मोबाइल सिम अपने कब्जे में रख लिए गए और उन्हीं खातों के माध्यम से संदिग्ध रकम का लेन-देन किया जाता था। मामले की जांच में पुलिस ने 5 पासबुक, 2 चेकबुक, 8 एटीएम कार्ड और 2 मोबाइल फोन जब्त किए थे। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर 11 अप्रैल 2026 को धर्मराज साहू, संतोष कुमार साहू और एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था।



### रायपुर से गिरफ्तार हुआ नेटवर्क का एक और सदस्य

विवेचना के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि सैकी दरडा नामक व्यक्ति कमीशन के बदले लोगों के बैंक खाते, एटीएम और सिम कार्ड एकत्रित कर साइबर ठगी की रकम विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवाने का काम करता था। जांच में उसकी संलिप्तता के पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त किया। इसके बाद रायपुर केंद्रीय जेल में बंद सैकी दरडा (38 वर्ष), निवासी साई विस्टा कॉलोनी, महावीर नगर, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर को बेमेतरा लाकर पूछताछ की गई। न्यायालय की अनुमति मिलने के बाद उसे 13 जून 2026 को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### अन्य आरोपियों की तलाश जारी

पुलिस का कहना है कि जांच में और भी लोगों के शामिल होने के संकेत मिले हैं। साइबर ठगी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य संदिग्धों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। मामले में आगे भी महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक सोनल ग्वाला के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक सुरेश सिंह, आरक्षक पुरुषोत्तम कुंभकार, सौरभ सिंह सहित थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बंटवारे के विवाद में भाई की हत्या का मामलाः आरोपी भाई गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम ढारा में घर-जमीन के बंटवारे और खेती- किसानी के हिसाब-किताब को लेकर हुए विवाद में अपने ही भाई की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मामले में पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त गैती भी बरामद कर ली है।

- घर-जमीन और खेती के हिसाब को लेकर हुआ था खूनी विवाद, गैती से वार कर की थी हत्या

गौरतलब है कि 13 जून को ग्राम ढारा में पारिवारिक विवाद उस समय खूनी संघर्ष में बदल गया था, जब दो भाइयों के बीच घर, जमीन के बंटवारे और खेती-किसानी से जुड़े पैसों के हिसाब को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि छोटे भाई जलेश्वर साहू ने आवेश में आकर अपने मंझले भाई प्रदीप साहू के सिर पर गैती से प्राणघातक वार कर दिया।

गंभीर चोट लगने से प्रदीप साहू की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलने पर थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की।



विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी जलेश्वर साहू (23 वर्ष), निवासी ग्राम ढारा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने बताया कि घर-जमीन के बंटवारे और खेती-किसानी के पैसों के हिसाब को लेकर दोनों भाइयों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। घटना वाले दिन भी इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ, जिसके दौरान उसने गुस्से में आकर गैती से हमला कर दिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लोहे की गैती और अन्य साक्ष्य जब्त कर लिए हैं। इसके बाद आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना अभी जारी है तथा घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# पुरुषोत्तम मास का एक-एक पल देता है पुण्यफल : आचार्य ज्ञानेश ओझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर नवागढ़ के बिसेन निवास में जनकल्याण एवं विश्वशांति की कामना के साथ आयोजित दुर्गा सप्तशती पाठ और रुद्राभिषेक में श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ रही है।

आयोजन में पहुंचे विद्वान धर्माचार्य आचार्य ज्ञानेश ओझा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि पुरुषोत्तम मास सनातन धर्म में अत्यंत दुर्लभ और पुण्यदायी माना गया है। इस मास में किया गया जप, तप, दान, यज्ञ, कथा श्रवण और भगवान की भक्ति कई गुना अधिक फलदायी होती है। आचार्य ओझा ने कहा कि भगवान विष्णु को समर्पित इस पवित्र माह का एक-एक क्षण अमूल्य है। यदि व्यक्ति इस समय का सदुपयोग धर्म, सेवा और साधना में करता है तो उसे विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है तथा जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से पुरुषोत्तम मास में अधिक से अधिक धार्मिक गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर यज्ञाचार्य युवराज शर्मा ने धर्म और कर्म की महत्ता बताते हुए कहा कि धार्मिक अनुष्ठान केवल व्यक्तिगत कल्याण ही नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के उत्थान ▶▶| शेष पेज 10 पर



# विश्व रक्तदाता दिवस पर जिला अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी बेमेतरा द्वारा शनिवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित इस शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मानव सेवा और जीवन रक्षा के इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया।

- 17 यूनिट रक्त संग्रहित, रक्तदाताओं का किया सम्मान

शिविर में कुल 17 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। यह रक्तदान शिविर कलेक्टर एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलदर तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. लोकेश साहू के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला रेडक्रॉस संगठक उपेंद्र सेंगर, जीवन एक मुस्कान अनेक संस्था कुसमी-बेमेतरा के प्रतिनिधिगण, समाजसेविका एवं पार्षद नीतू कोठारी, संजू जैन, भारत कुमार सेन, मीडिया प्रभारी संजय तिवारी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शिविर के दौरान उपस्थित अतिथियों ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान एक ऐसा महादान है, जिसके माध्यम से किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान किया जा सकता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की।



### इन रक्तदाताओं ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी

ये रहे उपस्थित शिविर में लक्ष्मण देवांगन, विकास पुरी गोस्वामी, ओमप्रकाश साहू, प्रमोद जोशी, रामप्रसाद निषाद, प्रहलाद साहू, रश्मि मिश्रा, सुरेश कुमार भारती, धर्मेंद्र कुमार, लवकुश दास, गोपीकिशन, लक्ष्मीकांत, डॉ. अजीत नायक, राकेश साहू, खिलेश्वर वर्मा, नितिन साहू एवं भारत कुमार सेन ने स्वैच्छिक रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदान शिविर के सफल संचालन में रक्त संक्रमण अधिकारी डॉ. पी.आर. पोपटानी, डॉ. पवन कुमार वर्मा, डॉ. अजीत नायक, विजय कुमार ढीरे (एमएलटी), भूपेंद्र कुर्रे (एमएलटी), विष्णु पटेल (एमएलटी), कुलेश्वरी साहू (ब्लड काउंसलर), हरिशंकर तथा रानी ▶▶| शेष पेज 10 पर

## डिलीवरी चार्ज मूल्य में शामिल होने के बावजूद उपभोक्ताओं से वसूले जा रहे अतिरिक्त पैसे

# एलपीजी उपभोक्ताओं पर दोहरी मारः 1025 के सिलेंडर पर 15 रुपए अतिरिक्त वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों से पहले ही परेशान उपभोक्ताओं पर अब अवैध वसूली और कम गैस आपूर्ति का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी के दौरान उपभोक्ताओं से निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूलने और कम वजन के सिलेंडर देने की शिकायतें सामने आ रही हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस एजेंसियों के डिलीवरी कर्मचारी सिलेंडर पहुंचाने के नाम पर प्रति सिलेंडर 15 रुपये तक अतिरिक्त वसूली कर रहे हैं, जबकि डिलीवरी शुल्क पहले से ही सिलेंडर की कीमत में शामिल होता है।

- जांच के अभाव में कांटामारी और गैस चोरी की आशंका

मध्य पूर्व देशों में जारी तनाव और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ती कीमतों का असर घरेलू बाजार पर भी दिखाई दे रहा है। रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ने से आम और मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट पहले ही बिगड़ चुका है। ऐसे में अतिरिक्त वसूली और गैस की कथित चोरी जैसी शिकायतों ने उपभोक्ताओं की चिंता और बढ़ा दी है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत लगभग 1025.50 रुपये है, लेकिन डिलीवरी के समय उपभोक्ताओं से 1040 रुपये तक लिए जा रहे हैं। यानी प्रति सिलेंडर करीब 15 रुपये अतिरिक्त वसूले जा रहे हैं। शहर में प्रतिदिन सैकड़ों सिलेंडरों की आपूर्ति होती है।

यदि प्रत्येक उपभोक्ता से 15 रुपये अतिरिक्त लिए जाएं तो प्रतिदिन हजारों रुपये की अवैध वसूली होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। उपभोक्ताओं का कहना है कि अधिकांश लोग विवाद से बचने या जानकारी के अभाव में अतिरिक्त राशि दे देते हैं। कई बार बिल में अंकित राशि और वास्तविक वसूली में अंतर होने के बावजूद लोग शिकायत नहीं करते।



### 29 किलो 700 ग्राम होना चाहिए भरे सिलेंडर का वजन

विशेषज्ञों के अनुसार घरेलू उपयोग के एलपीजी सिलेंडर में 14.2 किलोग्राम गैस भरी जाती है। खाली सिलेंडर का वजन लगभग 15.5 किलोग्राम होता है। इस प्रकार गैस सहित सिलेंडर का कुल वजन लगभग 29.7 किलोग्राम यानी 29 किलो 700 ग्राम होना चाहिए। सिलेंडर पर उसके खाली वजन (टैरे वेट) की जानकारी भी अंकित रहती है, जिसके आधार पर कुल वजन का मिलान किया जा सकता है।

### कम गैस देकर ठगे जा रहे उपभोक्ता?

डिलीवरी शुल्क की अवैध वसूली के साथ-साथ सिलेंडरों में कम गैस होने के आरोप भी सामने आ रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि लंबे समय से गैस सिलेंडरों की नियमित जांच नहीं होने के कारण कांटामारी की शिकायतें ▶▶| शेष पेज 10 पर

### नियम के बावजूद तौलकर नहीं दिए जा रहे सिलेंडर

नियमों के अनुसार उपभोक्ता को सिलेंडर की डिलीवरी के समय उसका वजन दिखाया जाना चाहिए और किसी प्रकार की शंका होने पर मौके पर ही जांच की जा सकती है। लेकिन व्यवहारिक रूप से अधिकांश स्थानों पर यह व्यवस्था दिखाई नहीं देती। डिलीवरी कर्मचारी बिना तौल किए ही सिलेंडर सौंप देते हैं और उपभोक्ता भी वजन की जांच नहीं कर पाते। यही वजह है कि कम गैस की शिकायतों की पुष्टि करना कठिन हो जाता है। लगातार बढ़ती महंगाई के बीच अतिरिक्त वसूली और कम गैस मिलने की शिकायतों ने उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ा दी है। लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग को नियमित रूप से गैस एजेंसियों, गोदामों और डिलीवरी व्यवस्था की जांच करनी चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा हो सके। **शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाईः खाद्य विभागः** इस संबंध में खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यदि किसी उपभोक्ता से डिलीवरी के नाम पर अतिरिक्त राशि ली जाती है या सिलेंडर में निर्धारित वजन से कम गैस होने की शिकायत है, तो वह लिखित रूप से शिकायत दर्ज कर सकता है। शिकायत प्राप्त होने पर जांच कर संबंधित गैस एजेंसी अथवा जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा का मीडिया संवाद आज संजय श्रीवास्तव करेंगे चर्चा

**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज सोमवार 15 जून जिला भाजपा कार्यालय में एक महत्वपूर्ण मीडिया संवाद एवं प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे प्रारंभ होगा, जिसमें कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दीपक मोटवानी द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, यह मीडिया संवाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास, सुशासन और जनसेवा के विभिन्न आयामों को जन-जन तक पहुंचाने की दृष्टि से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रेस वार्ता के दौरान संजय श्रीवास्तव केंद्र सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों में लिए गए महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक निर्णयों, जन कल्याणकारी योजनाओं,सुशासन, गरीब कल्याण, आत्मनिर्भर भारत अभियान तथा विकसित भारत के निर्माण की दिशा में किए गए कार्यों की जानकारी साझा करेंगे।



साथ ही विभिन्न समसामयिक विषयों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी पत्रकारों से चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में पत्रकारों को शासन की योजनाओं एवं विकास कार्यों से संबंधित प्रश्न पूछने तथा विस्तृत जानकारी प्राप्त करने का अवसर भी मिलेगा। भाजपा की ओर से आयोजित इस संवाद का उद्देश्य केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जनहितकारी नीतियों को मीडिया के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाना है।

# नया शिक्षण सत्र शुरू होने से पहले तैयारियां पूरी करने के निर्देश

**नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 की तैयारियों को लेकर हुई विकासखण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धमधा

नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 की तैयारियों एवं विद्यालयों में संचालित विभिन्न योजनाओं व कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा हेतु विकासखण्ड धमधा में विकासखण्ड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अथर्व शर्मा ने की। बैठक का आयोजन तीन पालियों में किया गया, जिसमें सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सभी शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्य, संकुल समन्वयक तथा प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठक उपस्थित रहे। अध्यक्षीय उद्बोधन में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अथर्व शर्मा ने सभी विद्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया कि नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। बैठक में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई।



इस दौरान विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता, पाठ्यपुस्तक स्कैनिंग, गणवेष वितरण, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र निर्माण, छात्रवृत्ति संबंधी तैयारियां, यू-डाइस प्रोग्रेशन कार्य, अवकाश पोर्टल, सीजी स्कूल पोर्टल एवं एचआरएमएस पोर्टल में प्रविष्टियों की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गई। साथ ही विद्यालय भवनों, शौचालयों, किचन शेड, अहाता निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विद्यार्थियों के आधार, अपार आईडी एवं बैंक खातों से संबंधित कार्यों की भी जानकारी ली गई।

बैठक में उल्लास साक्षरता अभियान, शाला प्रवेश उत्सव, नामांकन वृद्धि अभियान, मध्यान्ह भोजन एवं न्योता भोजन कार्यक्रम के संचालन की स्थिति पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में केंद्रीकृत एवं बोर्ड परीक्षा परिणामों का विश्लेषण करते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के उपायों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त सरस्वती सायकल योजना सहित अन्य विभागीय योजनाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

## अंचल की खबरें

### वैष्णव समाज विष्णु महायज्ञ की तैयारी में, हुई बैठक



**सेलूद।** ग्राम लोहरसी पाटन में उत्तर पाटन वैष्णव समाज के तत्वाधान में 'श्री विष्णु महायज्ञ एवं रामानंदाचार्य जयंती उत्सव वर्ष 2027 में 27 जनवरी से 31 जनवरी तक ग्राम लोहरसी, पाटन में आयोजित किया जा रहा है। वैष्णव उत्तर पाटन के अध्यक्ष चेला दास वैष्णव ने बैठक में बताया कि विष्णु महायज्ञ व रामानंदाचार्य जयंती उत्सव तैयारियां करने के लिए समाज को दिशा निर्देश दिए गए है। इस धार्मिक अनुष्ठान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना करना है। इस भव्य आयोजन की शुरुआत विशाल कलश यात्रा के साथ होगी, जिसमें अधिक श्रद्धालु शामिल होंगे। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन वेदमूर्ति विद्वानों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ-हवन किया जाएगा। इसके साथ ही, सायंकाल प्रख्यात कथावाचकों द्वारा संगीतमय श्रीराम कथा और प्रवचन का आयोजन भी होगा। यज्ञ की पूर्णाहुति होगी और इसके बाद विशाल भंडारे (प्रसादी वितरण) का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में उपाध्यक्ष महंत राजेश दास वैष्णव (उपाध्यक्ष) कोमल दास वैष्णव (सचिव) श्री भीखम दासवैष्णव (कोषाध्यक्ष) मनोहर दास वैष्णव (युवा अध्यक्ष) प्रेमु वैष्णव, नरेंद्र वैष्णव, पुरुषोत्तम दास, तेजराम वैष्णव, किशन, भिखारी दास,आशीष वैष्णव,मोहन दास, डेरहा,भगवान दास,ओमप्रकाश,पोषण,राजेंद्र,विष्णु दास,राजेश,भूपेन्द्र वैष्णव,सूर्यकांत ,नेपाल दास और डॉ.हिमाचल दास वैष्णव ने अपनी उपस्थिति प्रदान की।

## खबर संक्षेप

### लोक कल्याण मेला आज

**पाटन।** भारत सरकार आवासन एवं शहरी मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार निकाय क्षेत्रांतर्गत लोक कल्याण मेला का आयोजन किया जा रहा है। नगर पंचायत पाटन के सभागार में यह मेला 15 जून को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 02.30 बजे तक आयोजित है। जिसमें प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर आत्मनिर्भर निधि (पी एम स्वनिधि) योजना अंतर्गत पथ विक्रेता शहरी गरीबों एवं असंगठित श्रमिको को वित्तीय सहायता समायोजन किया जाएगा।

### अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**कुम्हारी।** द आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी, कुम्हारी द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर के सहयोग से स्मार्ट शहरों, स्वास्थ्य सेवा और टिकाऊ विकास के लिए इंटेलिजेंट सिस्टम और उभरती हुई तकनीक विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुक्रवार 12 जून को हाइब्रिड मोड शुरू हुआ। आई सी एफ ए आई के कुलपति एस वी पाण्डेय ने बताया कि इस सम्मेलन को एडवांस्ड फ्यूचर टेक लैब्स, यूनाइटेड किंगडम का सह-प्रायोजन प्राप्त है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के निदेशक प्रो. (डॉ.) राजीव प्रकाश मुख्य की अतिथि के रूप में तथा भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान वडोदरा के निदेशक प्रो. (डॉ.) धर्मेन्द्र सिंह की विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता रही।

### विशाखापट्टनम प्लांट दुर्घटना के मृतक श्रमिकों को दी श्रद्धांजलि

**भिलाई।** विशाखापट्टनम स्टील प्लांट (आरआईएनएल) में हुई औद्योगिक दुर्घटना में जान गंवाने वाले श्रमिकों की स्मृति में बोरिया गेट पर संयुक्त यूनियनों द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में विभिन्न ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों, कर्मचारियों, अधिकारियों तथा ठेका श्रमिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत श्रमिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान संयंत्र की ओर जा रहे अनेक कर्मचारी और अधिकारी अपनी गाड़ियां रोककर कार्यक्रम में शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों की मूल भावना को लगातार कमजोर किया जा रहा है। निजी उद्योगों से प्रतिस्पर्धा के नाम पर उत्पादन बढ़ाने और लागत घटाने का दबाव बनाने से प्रतिकूल प्रभाव कर्मचारियों और अधिकारियों पर पड़ रहा है।

# बैठक से पीआईसी सदस्य गायब अकेले बैठे रहे अध्यक्ष-उपाध्यक्ष

**करोड़ों के प्रस्ताव पर लगनी थी मुहर, पार्षदों की सामूहिक उदासीनता का मतलब नहीं समझ पा रहे लोग**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुम्हारी




नगर पालिका कुम्हारी में शुक्रवार 12 जून को एक गंभीर मामला सामने आया। शहर के विकास, साफ-सफाई और करोड़ों रुपये के प्रस्तावों पर मुहर लगाने के लिए बुलाई गई 'प्रेसीडेंट इन काउंसिल' (पीआईसी) की बेहद अहम बैठक से सारे सदस्य गायब रहे। वजह पार्षदों और पीआईसी सदस्यों की सामूहिक उदासीनता या नाराजगी या कुछ और, कुछ भी स्पष्ट नही है।

इस बैठक में जनता की समस्याओं पर चर्चा करने के लिए केवल नगर पालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ही अपनी कुर्सियों पर मुस्तैद दिखे। इतने अहम बैठक में सदस्यों की सामूहिक अनुपस्थिति कहीं न कहीं एक सवाल पैदा करती है। इस बात को लेकर जहां विपक्ष सत्ता पक्ष पर हमलावर नजर आया वहीं आम जनता की समस्याओं के साथ भी यह सही नही है। आगामी मानसून को देखते हुए शहर में जलभराव की समस्या, वार्डों की साफ-सफाई और बुनियादी विकास कार्यों को लेकर इस बैठक में कई बड़े फैसले होने थे। लेकिन पीआईसी सदस्यों के इस रवैये के कारण पूरी बैठक ठप हो गई। सवाल यह उठ रहा है कि क्या चुनकर आए जनप्रतिधियों के लिए शहर का विकास और जनता की परेशानियां कोई मायने नहीं रखतीं? इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये पर कड़ा रुख अपनाते हुए नगर पालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने संयुक्त बयान में कहा, ?यह अनुपस्थिति सिर्फ एक बैठक का छूटना नहीं है, बल्कि स्थानीय जनता के साथ असंवेदनशील रवैया भी है।

जब शहर को विकास कार्यों की सबसे ज्यादा जरूरत है, तब सदस्यों का इस तरह गायब रहना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। राजनीति अपनी जगह है, लेकिन जनता के काम रोकना भी सही नहीं है। इस घटना के बाद शहर के सियासी गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म है कि आखिर क्यों सदस्यों ने बैठक से दूरी बना ली।

### कारण ज्ञात नहीं



इस अहम बैठक में सदस्य क्यों उपस्थित नही हुए इसकी कोई जानकारी मुझे नहीं है। हमने यथा समय बैठक आयोजित की थी अगर कोई शिकायत होती तो चर्चा कर समाधान निकाला जा सकता था। अब आगामी बैठक में इसपर बात होगी। फिलहाल सदस्यों की अनुपस्थिति का कोई कारण मुझे ज्ञात नहीं है।

**-मीना वर्मा**, अध्यक्ष नपाप कुम्हारी

### जो हुआ दुर्भाग्यजनक



पीआईसी की यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण थी। आगामी बारिश को देखते हुए नगर के लिए कई अहम फैसले होने थे साथ ही विकास कार्यों की स्वीकृति भी होनी थी ऐसे अहम बैठक में सदस्यों की अनुपस्थिति यह साबित करती है कि वे कितने गैर जिम्मेदार हैं। जो भी हुआ वह दुर्भाग्यजनक है ऐसा नही होना चाहिए था।"

**- प्रमोद सिंह राजपूत**, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुम्हारी

### पाटन नगर पंचायत को 20 लाख की सौगात




**पाटन।** नगर पंचायत पाटन के विकास एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं दुर्ग जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा नगर पंचायत पाटन के वार्ड क्रमांक 3 स्थित शीतला मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने उप मुख्यमंत्री एवं दुर्ग जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार के सहयोग और मार्गदर्शन में नगर पंचायत पाटन निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है।

### ग्राम देवरी (ख) में चला स्वच्छता अभियान



**अण्डा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ?विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के 12 साल? कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी ओटेबन्द मंडल के तत्वावधान में ग्राम देवरी (ख) में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कारगिल शहीद दुर्वासा लाल निषाद के पुण्य स्थल, अटल स्मृति स्तंभ, गुरु घासीदास बाबा के जैतखाम स्थल, सामुदायिक बाजार शेड परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की गई। इसके साथ ही शहीद दुर्वासा लाल निषाद प्राथमिक शाला में भी बृहद स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी भूपेंद्र निषाद, ललित साहू एवं खिलेंद्र साहू रहे। इस अवसर पर भाजपा ओटेबन्द मंडल के प्रभारी पवन सोनबरसा, मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल चंद्राकर, जनपद सदस्य एवं मंडल उपाध्यक्ष कौशल किशोर साहू, सेवा सहकारी समिति खप्पड़वाड़ा के प्राधिकृत धनेश चंद्राकर, मंडल महामंत्री हेमंत साहू, सरपंच प्रतिनिधि एवं ओबीसी मोर्चा कोषाध्यक्ष प्रमोद देशमुख, मंडल कार्यकारिणी सदस्य पुखराज निर्मलकर, अगेश यादव, शक्ति केंद्र संयोजक राहुल शर्मा, बूथ अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू, पूनम साहू, लोमन साहू, उत्तम गायकवाड़ सहित भाजपा मंडल ओटेबन्द के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता का संदेश देते हुए ग्रामीणों से अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छ भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। स्वच्छता अभियान में सभी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर श्रमदान किया।

### जिपं की सामान्य सभा में उठाए जनहित के मुद्दे



**पाटन।** जिला पंचायत दुर्ग की सामान्य सभा की बैठक में जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने पाटन विकासखंड की जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से उठाते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पेयजल व्यवस्था की वास्तविक स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विकास केवल फाइलों और रिपोर्टों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसका लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक दिखाई देना चाहिए। जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष होने के नाते श्रीमती कीर्ति नायक ने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को मजबूती से सदन के सामने रखते हुए अधिकारियों से जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनता ने अपनी आवाज बनने के लिए चुना है और जनता की समस्याओं को हर मंच पर प्रमुखता से उठाना उनका दायित्व है। बैठक में उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों को सदन के सदस्यों ने भी गंभीरता से लिया।

# फुटकर व्यवसायियों को दिए चेक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामुल



नपा जामुल में पीएम स्वनिधि के अंतर्गत विशेष अभियान के तहत स्वनिधि महोत्सव एवं लोक कल्याण मेला का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने 15 पात्र हितग्राहियों को चेक वितरण किया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि आत्म निर्भर भारत निर्माण की दिशा में छोटे फुटकर व्यवसायियों को आगे व्यवसाय बढाने केन्द्र सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना है। लोन वितरण का यह प्रथम चरण है। दूसरा आयोजन 17 जून को इसी कार्यालय में होगा। यहां बैंको के सहयोग से साइबर सुरक्षा जागरूकता एवं डिजिटल भुगतान प्रशिक्षण का प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया गया। नपा अध्यक्ष ठाकुर ने बताया कि प्रथम चरण के पीएम स्वनिधि के अंतर्गत पंद्रह हजार से पचास हजार रूपये तक का लोन 15 फुटकर व्यवसायियों को प्रदान किया गया। आयोजित लोक कल्याण मेला में नपा उपाध्यक्ष सुनिता चन्नेवार, पार्षदगण सरोजनी चन्द्राकर, रामप्यारी वर्मा, नोडल अधिकारी हरिश साहू सहित स्टेट बैंक के प्रशांत श्रीवास्तव, बैंक ऑफ बडौडा के अजित सहित बडी संख्या में फुटकर विक्रेता एवं स्ट्रीट वेंडर उपस्थित थे।

# समर कैम्प में बच्चों ने सीखे हुनर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

- पीएम श्री शाप्राशा सिरसिदा में 7 दिवसीय समर कैंप का आयोजन

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा में सात दिवसीय समर कैंप का शनिवार को समापन हुआ। समारोह में सिरसिदा की सरपंच सरस्वती चंद्राकर , उप सरपंच दामिनी चंद्राकर,प्राथमिक शाला की शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष गीता देशलहरे और उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने समर कैंप में बच्चों के द्वारा बनाए गए विभिन्न कलाकृतियों का अवलोकन किया। यहां मिट्टी की कलाकृति, क्राफ्ट वर्क, पाइप क्लीनर से बनाएं फूल, चित्रकारी एवं अन्य कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। इन्हें उपस्थित सभी अतिथियों ने सराहा। विशेष कर योग शिक्षक गीरु धनकर के सिखाए गए योगासन एवं विभिन्न खेलों के बारे में बच्चों ने अपना अनुभव साझा किया। समापन समारोह के अंत में प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक धनेश्वरी साहू ने आभार प्रदर्शन किया। समर कैंप के इस आयोजन में पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसीदा के प्रधान पाठक धनेश्वरी साहू सहायक, शिक्षक दर्शेंद्र कुमार साहू, चंदूलाल ठाकुर एवं गीतिका देशमुख का विशेष योगदान रहा। आयोजन में शिक्षाविद पटेल पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधान पाठक लीना देवांगन , शिक्षक महेंद्र साहू शिक्षक, हीरालाल साहू और राकेश कुमार साहू की गरिमामई उपस्थिति रही।



# आयुक्त की कार्रवाई से कर्मचारियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ के संगठन विस्तार अभियान के तहत दुर्ग नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, प्रदेश सचिव ऋषभ सिंह ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी सहित प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान आयुक्त की मनमानी के खिलाफ विरोध करने का निर्णय लिया। संगठन के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि 13 जुलाई से विरोध में अनिश्चितकालीन आंदोलन की तैयारी है। बैठक में 45 कर्मचारियों ने संगठन की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की, जिनका वरिष्ठजनों ने स्वागत किया। जिला अध्यक्ष राजूलाल चन्द्राकर ने संगठन की गतिविधियों से अवगत कराया। बैठक के दौरान कर्मचारियों ने दुर्ग नगर निगम में कर्मचारियों के विरुद्ध लगातार की जा रही प्रशासनिक कार्रवाई, कथित मनमाने निर्णयों एवं कर्मचारी हितों की उपेक्षा के संबंध में प्रदेश पदाधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखी।

# खाद बीज की मांग को लेकर 18 जून को जल सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाटन/सेलूद

खाद बीज की मांग को लेकर पाटन अंचल के किसान 18 जून गुरुवार को सुबह 9 बजे से शिव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद लक्ष्मी सागर तालाब में जल सत्याग्रह करेंगे। इसकी सूचना शासन-प्रशासन को दे दी गई है।

आंदोलन में कुर्मी गुंडरा के अलावा अन्य गांव के भी किसान शामिल होंगे। पाटन विकासखंड के अंतर्गत 35 सेवा सहकारी समितियो के माध्यम से खाद एवं बीच का वितरण किसानों को किया जाता है लेकिन इस वर्ष खाद की किल्लत ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बड़े किसानों को 2 से 3 बार खाद के लिए सरकारी समितियो के चक्कर लगाने पढ़ रहे हैं। वही कई समितियों मे सुबह 4 बजे से किसान ऋण पुस्तिका लेकर सहकारी समितियो के बाहर लाइन लगाकर अपनी बारी का इन्तजार करते हैं। बैठक में जनकल्याण समिति के अध्यक्ष युगल किशोर आडिल ने बताया कि इस वर्ष खाद की कमी से किसान काफी परेशान हैं। डीएपी की उपलब्धता बहुत कम है। जबकि किसानी के प्रारंभिक समय में डीएपी की आवश्यकता पड़ती है। खाद की कमी पड़ने पर उत्पादन में भी असर पड़ेगा। किसानों के लिए किसानी ही एक मात्र आय का स्रोत है। खेती से प्राप्त आय से किसान अपने परिवार का जीवकोपार्जन करते हैं।

## पेज 9 के शेष

### जनविश्वास को और मजबूत ...

को बेहतर ढंग से समझा जा सके। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में देशवासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत दिया था। इसके बाद केंद्र सरकार ने अनेक ऐतिहासिक और दूरगामी प्रभाव वाले निर्णय लिए, जिनमें तीन तलाक की समाप्ति, शिक्षा क्षेत्र में सुधार, आधारभूत संरचनाओं का विस्तार तथा गरीब और वंचित वर्गों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन शामिल है।

सांसद बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में अद्वितीय कार्यक्षमता, दूरदर्शिता और समर्पण का परिचय दिया है। उनके नेतृत्व में भारत आज विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से आगे बढ़ रहा है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की प्रतिष्ठा निरंतर मजबूत हुई है। राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत हर चुनौती का मजबूती से सामना करने में सक्षम है और राष्ट्रहित के विषयों पर देश की जनता सरकार के साथ मजबूती से खड़ी है।

### प्राकृतिक और जैविक ...

भी संरक्षण हो सके। कार्यक्रम में हर्ष तिवारी, संजीव तिवारी, नीलू राजपूत, रविंद्र नायक, सुखीराम सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

### पुरुषोत्तम मास का ...

का भी माध्यम हैं। उन्होंने सनातन परंपराओं के संरक्षण और धार्मिक संस्कारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। आयोजित अनुष्ठान में रामनारायण पाठक, मिंटू बिसेन, संगीता बिसेन, निहाल बिसेन, निषि बिसेन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंत्रोच्चार और भक्ति के वातावरण के बीच संपन्न हो रहे इस आयोजन से पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है।

### इन रक्तदाताओं ने ...

सहित जिला अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला चिकित्सालय बेमेतरा की ओर से सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके इस मानवीय योगदान की सराहना की गई। अधिकारियों ने कहा कि रक्तदान के माध्यम से अनेक लोगों का जीवन बचाया जा सकता है और समाज में ऐसे आयोजनों से जनजागरूकता बढ़ती है। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आयोजित यह शिविर मानवता, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सामने आया।

### एलपीजी उपभोक्ताओं ....

बढ़ रही हैं। अधिकांश लोग भरोसे के आधार पर सिलेंडर स्वीकार कर लेते हैं और उसका वजन जांच नहीं पाते, जिसका फायदा उठाकर कम गैस वाले सिलेंडर दिए जाने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ मामलों में सिलेंडरों से गैस निकालकर उसे व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं, होटलों और अन्य प्रतिष्ठानों को ऊंचे दामों पर बेचने का भी खेल चल रहा है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन उपभोक्ताओं की शिकायतों ने जांच की आवश्यकता को गंभीर बना दिया है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


पंजीयन क्रं. 878
महेश दुबे जी
संरक्षक
प्रकाश जैन जी
संरक्षक
दिनेश दुबे
संरक्षक
दिनेश दत्त दुबे
सलाहकार
सिटी प्रेस क्लब
के नवनिर्वाचित अध्यक्ष
अमीन (पप्पू) खानी जी
एवं सिटी क्लब के नवनियुक्त पदाधिकारीगणों को
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनांए
योगेश राजपूत
सचिव
आनंद साहू
उपाध्यक्ष
आशीष कांटले
कोषाध्यक्ष
ताम्रध्वज साहू
सह सचिव
शुभाकांक्षी
अरविंद गोस्वामी
वरिष्ठ पत्रकार
राजेश पांडेय
सदस्य
प्रसुन शुक्ला
विधि सलाहकार
सुरेन्द्र धीवर
संगठन सचिव
ममता ग्वालंशी
सदस्य
अरुण सोनी
सदस्य
अजय शुक्ला
सदस्य
अनीस मेमन
सदस्य
अमित कुमार पाटले
सदस्य
अजीत सिंह राजपूत
सदस्य
खिलेश घृतलहरे
सदस्य
भारत चतुर्वेदी
सदस्य
दीपेश राजपूत
सदस्य

## खबर संक्षेप

### 74 माल वाहक पर कार्रवाई

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने सात दिनों के भीतर 74 माल वाहकों पर कार्रवाई की गई। जिले में सड़क हादसों को कम करने और आम नागरिकों की सुरक्षा बेहतर करने के उद्देश्य से अभियान चलाया गया। शहरी क्षेत्रों में हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने वाले वाहन चालकों पर भी कार्रवाई की गई। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में हादसों के संभावित ब्लैक स्पॉट एवं ग्रे स्पॉट स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। प्रतिदिन सुबह 6 बजे से ग्रामीण क्षेत्रों में फिक्स चेकिंग पॉइंट स्थापित कर दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों की जांच की जा रही है। माल वाहक वाहनों में अवैध रूप से सवारी परिवहन करने वाले चालकों पर विशेष निगरानी रखते हुए मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। एनालाइजर मशीन के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों की जांच भी गई है।

### फैक्ट्री से लोहा पार कर कबाड़ी को बेचा, 3 गिरफ्तार



**भिलाई।** फैक्ट्री से लोहा पार कर कबाड़ी को बेचने वाले तीन युवक व एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। कैम्प 2 छावनी निवासी घनश्याम साहू ने जामुल पुलिस में शिकायत किया कि वर्कशॉप में रखे लोहे के कटिंग जॉब, स्क्रैप, अन्य लोहे की सामग्री चोरी हो गया था। जिसकी कीमत 50 हजार रुपए है। मुखबिर की सूचना पर संदेही राजीव नगर खुर्सीपार निवासी लोकेश यादव उर्फ बाली, गौतम नगर रवि विश्वकर्मा उर्फ खील्लू, सोनकर मोहल्ला कैम्प 2 और नाबालिग को पकड़ा गया। चोरी किए गए लोहे के सामान को परवेज खान और सुरेश पाण्डेय कबाड़ी को बेचना स्वीकार किया। आरोपियों के निशानदेही पर लोहे का कटिंग जॉब, लोहे का स्क्रैप, अन्य लोहे की सामग्री जब्त की गई।

### आधार सेवा केंद्र में चोरी दो आरोपी समेत दो अपचारी बालक गिरफ्तार

**भिलाई।** कलेक्टर परिसर में स्थित आधार सेवा केन्द्र में चोरी करने के मामले में पुलिस ने चार को गिरफ्तार किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि रसमड़ा निवासी निलेश कुमार साहू आधार सेवा केंद्र का संचालन करता है। 12 जून को पीड़ित कार्यालय बंद कर अपने घर चला गया था। सुबह कार्यालय खोलने पहुंचने पर दुकान का कुंडी उखड़ी पड़ी मिली। कार्यालय के भीतर रखे सामान बिखरा पड़ा मिला। टेबल की दराज में रखी नगदी राशि एवं लैपटॉप बैग अज्ञात पार कर दिया था। पुलिस विवेचना के दौरान सूचना पर आलू गोदाम के सामने, तितुरडीह, दुर्ग निवासी विनस कुमार कुल्थी, वार्ड 58, बॉम्बे आवास, उरला गिरीराज तिवारी उर्फ बबलू और दो अपचारी बालकों को चिन्हित कर पुलिस ने पकड़ा। पूछताछ करने पर आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### चम्पालाल अध्यक्ष और योगेश सचिव चुने गए

**भिलाई।** नेताजी सुभाष नगर वार्ड 39 नंदिनी रोड स्थित जय मां बम्लेश्वरी मंदिर समिति की त्रिवार्षिक चुनाव हुआ। इसमें अध्यक्ष चम्पालाल साहू, उपाध्यक्ष केशवदास साहू, सचिव योगेश साहू, कोषाध्यक्ष संतोष साहू, संरक्षक श्यामलाल साहू, रामरतन साहू और बलदाऊ प्रसाद चुने गए। इस दौरान छग विकास समिति के अध्यक्ष बेनीराम साहू, राम प्रताप देवांगन, टेकराम चौधरी, राजकुमार धनकर, कुलदीप साहू आदि उपस्थित थे।

# विभागीय लापरवाही की भेंट चढ़ा सुरही नदी पुल निर्माण, ड्राइंग के अभाव में ठेकेदार बोरिया-बिस्तर समेटने को मजबूर

## स्वीकृति और बजट के बावजूद 2 महीने से अटका काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा

विभागीय उदासीनता और प्रशासनिक लेटलतीफी के कारण विकास कार्य किस तरह फाइलों में दम तोड़ते हैं, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण बेमेतरा जिला अंतर्गत ग्राम कोंगिया कला (छिराहीडीह) नवागांव पहुंच मार्ग पर देखने को मिल रहा है। सुरही नदी पर बहुप्रतीक्षित उच्च स्तरीय पुल निर्माण का कार्य प्रशासनिक लापरवाही के कारण पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। आगामी मानसून और भारी बरसात को सिर पर देख क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी मायूसी और आक्रोश है। 2 महीने से डटा है ठेकेदार, विभाग नहीं दे पाया ड्राइंग प्राप्त जानकारी के अनुसार, निर्माण एजेंसी (ठेकेदार) द्वारा क्षेत्र की जनता की सहूलियत को देखते हुए आगामी 1 मई 2026 से ही निर्माण सामग्री (रेत, गिट्टी, लोहा सरिया सीमेंट व अन्य मशीनरी) कार्यस्थल पर डंप करना प्रारंभ कर दिया गया था। ठेकेदार पिछले दो महीनों से काम शुरू करने के लिए मुस्तैद खड़ा है। लेकिन विडंबना देखिए कि



### शासन और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कड़ा आक्रोश

ठेकेदार कार्यस्थल से अपना सामान और कीमती मशीनरी समेटकर वापस जाने की तैयारी कर रहा है। यदि ठेकेदार यहां से लौट जाता है, तो आगामी बरसात के चार महीनों में इस उफनती नदी को पार करना ग्रामीणों के लिए जानलेवा साबित होगा। इस पहुंच मार्ग के बंद होने से दर्जनों गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से पूरी तरह कट जाएगा। किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष रणजीत सिंह चंदेल ने खोला मोर्चा स्थानीय जनता की मांग को पुरजोर तरीके से उठाते हुए पूर्व ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष एवं प्रदेश किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष रणजीत सिंह चंदेल ने शासन और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। रणजीत सिंह चंदेल ने कहा: शासन द्वारा बजट स्वीकृत होने और ठेकेदार के दो महीने से साजो-सामान के साथ डटे रहने के बावजूद सिर्फ ड्राइंग-डिजाइन न मिल पाना विभागीय निकम्मेपन की पराकाष्ठा है। बरसात सामने है, अगर जल्द ही तकनीकी स्वीकृति देकर काम शुरू नहीं कराया गया और ठेकेदार सामान लेकर वापस लौटा, तो हम ग्रामीणों के साथ मिलकर चक्काजाम और उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

लोक निर्माण विभाग द्वारा आज तक ठेकेदार को पुलिया का आधिकारिक 'ड्राइंग और डिजाइन' उपलब्ध नहीं कराया गया है। नतीजा यह है कि करोड़ों की लागत से बनने वाले इस महत्वपूर्ण पुल का काम एक इंच भी आगे नहीं बढ़ सका है। राजनीतिक दांवपेंच और बजट कटौती का दंश कोंगिया कला मार्ग पर सुरही नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की मांग क्षेत्र की जनता द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में तत्कालीन कैबिनेट मंत्री रविन्द्र चौबे के विशेष प्रयासों से इस पुलिया को हरी झंडी मिली थी और शासकीय बजट (स्वीकृति क्रमांक 106 के तहत कुल 410.45 लाख रुपये) स्वीकृत किए गए थे। परंतु सत्ता परिवर्तन के बाद वर्तमान शासन ने इस जनकल्याणकारी कार्य को ठंडे बस्ते में डालते हुए निरस्त कर दिया था। बाद में जनदबाव के आगे झुकते हुए प्रशासनिक राशि में आंशिक कटौती कर इसे पुनः स्वीकृत किया गया, जिसकी निविदा (टेंडर) प्रक्रिया भी पूर्ण हो चुकी है।

## बांधा तालाब में हरियाली की अलख: 'सहयोग' संस्था का वृहद पौधारोपण अभियान

# 60 छायादार पौधों का रोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश; समाज के विभिन्न वर्गों ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

पर्यावरण संरक्षण और शहर को हरित आवरण प्रदान करने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था 'सहयोग' द्वारा रविवार को स्थानीय बांधा तालाब परिसर में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत नीम, कचनार, पीपल, कदंब, आंवला एवं मौलश्री सहित लगभग 60 छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। संस्था पिछले एक दशक से अधिक समय से शहर में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही है। वर्ष 2016 से लगातार कार्यरत संस्था के सदस्य प्रतिदिन अपना एक घंटा शहर की सेवा और पर्यावरण संवर्धन के लिए समर्पित करते हैं। विशेष बात यह है कि संस्था अपने सभी कार्य स्वयं के श्रमदान से करती है और किसी भी कार्य के लिए मजदूरों की सहायता नहीं लेती।



**पर्यावरण का कोई विकल्प नहीं: अरविंद मिश्रा:** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने कहा कि आधुनिक युग में तकनीक चाहे कितनी भी विकसित हो जाए, लेकिन पर्यावरण का कोई विकल्प नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि प्रकृति को सुरक्षित रखना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसके लिए केवल तकनीक नहीं, बल्कि मजबूत इच्छाशक्ति और सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने 'सहयोग' संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके संरक्षण का भी जिम्मा उठा रही है, जो वास्तव में अनुकरणीय पहल है।

### दृढ़ संकल्प से संभव है बड़ा बदलाव: कैलाश चंद्र काबरा

विशिष्ट अतिथि एवं माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष कैलाश चंद्र काबरा ने कहा कि किसी भी सामाजिक परिवर्तन के पीछे व्यक्ति की इच्छाशक्ति सबसे बड़ी शक्ति होती है। उन्होंने कहा कि 'सहयोग' संस्था ने अपने निरंतर प्रयासों से यह साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प के बल पर समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शहर में लहलहाते पौधे इस बात के साक्ष्य हैं कि संस्था ने केवल पौधे नहीं लगाए, बल्कि लोगों के मन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और विश्वास भी जगाया है।

### पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत: नारद साहू

साहू समाज के जिला अध्यक्ष नारद साहू ने कहा कि हाल के वर्षों में प्राकृतिक आपदाओं और पर्यावरणीय संकटों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि शुद्ध हवा और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण कितना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण बचाना अब केवल सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी बन गया है। उन्होंने 'सहयोग' संस्था के प्रयासों को समय की मांग बताते हुए नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

**हर घर-हर आंगन में लगे पौधे: डॉ. सुभाष चौबे:** संस्था के अध्यक्ष डॉ. सुभाष चौबे ने संस्था द्वारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित पर्यावरणीय गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि आगामी वर्षा ऋतु में व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों, मोहल्लों और सार्वजनिक स्थलों पर पौधे लगाकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाएं।

### मेधावी छात्रा और अग्निवीर चयनित युवाओं का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली नगर की प्रतिभावान छात्रा ओमनी वर्मा (पुत्री कमोद वर्मा) को मेडल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं लक्ष्य ग्रुप के माध्यम से इस वर्ष अग्निवीर में चयनित 16 युवाओं का भी सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में दानदाता परिवार की ओर से अजय कुमार भूतड़ा, शांति देवी भूतड़ा एवं उनके परिजन उपस्थित रहे। इसके अलावा वरिष्ठ शिक्षक एन.के. साहू, शीतलानी (सिंधी समाज), प्रमोद राजपूत (किसान सोसायटी), योगेश राजपूत (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया), श्रीनिवास द्विवेदी, सीएमओ पवन वर्मा, बालक दास, आलोक तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और हरित बेमेतरा के निर्माण के लिए सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। संस्था 'सहयोग' ने नगरवासियों से पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील भी की।

# भोजपुरी परिषद ने राहगीरों को बांटे शीतल जल, चना और गुड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

■ आईजी शांडिल्य ने बांटे बताशे

छत्तीसगढ़ भोजपुरी परिषद द्वारा पावर हाउस चौक पर भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों को ठंडे जल के साथ चना मसाला,बताशा ,गुड़ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य थे। उन्होंने आने जाने वालों को शीतल जल और गुड़ बंटाकर इस जनसेवा कार्यक्रम की शुरुआत की। भोजपुरी परिषद के सदस्यों ने आईजी का गुलदस्ता देकर सम्मान किया। इस अवसर पर परिषद के मुख्य संरक्षक संजय ओझा प्रांतीय अध्यक्ष प्रभु नाथ बैठा व योगेंद्र सिंह ,महासचिव बीपी सिंह ,कोषाध्यक्ष राजीव रंजन शर्मा, मुख्य सलाहकार निशिकांत शर्मा, युवा प्रभारी मनोज कुमार सिंह, संभागीय प्रभारी सनोज कुमार चौधरी, वरिष्ठ शंभू नेता ,वी एन चौबे ,अरूण सिंह, नंदकिशोर सिंह, आर एन सूर्यवंशी, निरंजन हजारी ,अमर सिंह, मनोज कुमार कनौजिया ,मोतीलाल बैठा ,मनोज कुमार चौधरी ,आंध्र समाज के अध्यक्ष उमाशंकर राव जी, संजय शर्मा ,लालबाबू बैठा, रामकुमार साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

### गांजा बेचने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** गांजा बेचने वाले अपचारी बालक को पुलिस ने पकड़ा है। सुपेला पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अपचारी बालक स्लॉटर हाउस के पास, कृष्णा नगर सुपेला में सफेद थैले में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर बेचने निकला था। घेराबंदी कर बालक को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने गांजा कुल 2 किलो 210 ग्राम गांजा बरामद किया गया। जिसकी कीमत 1 लाख 5 हजार रुपए आंकी गई है।

# दवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने अस्पताल में लगा एसी, सुरक्षित रहेंगी उपलब्ध दवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



■ भिलाई-3 स्वास्थ्य केंद्र को विधायक कोर्सेवाड़ा उपलब्ध कराई एसी

अस्पतालों में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए सिर्फ डॉक्टर और दवाएं ही नहीं, बल्कि दवाओं का सही रखरखाव भी बेहद जरूरी होता है। अधिकांश दवाओं को निर्धारित तापमान पर रखना आवश्यक होता है। अत्यधिक गर्मी या नमी के कारण दवाओं की गुणवत्ता और प्रभावशीलता प्रभावित हो सकती है। यही वजह है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 के औषधि भंडार कक्ष में वातानुकूलित एसी की व्यवस्था की गई है।

भिलाई-3 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में यह एसी अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा की विधायक निधि से उपलब्ध कराया गया है। विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू ने इसे अस्पताल को सौंपा। संस्था प्रभारी डॉ. शिखर अग्रवाल तथा पैरामेडिकल स्टाफ ने अस्पताल में आवश्यक उपकरणों और सुविधाओं की मांग रखी थी। मांगों पर चर्चा के बाद विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा ने औषधियों के सुरक्षित रखरखाव को प्राथमिकता देते हुए औषधि भंडार कक्ष के लिए एसी उपलब्ध कराने की सहमति दी थी।

औषधि भंडारण प्रभारी स्मिता बागड़े ने बताया कि महापौर निर्मल कौशरे द्वारा भी इस कक्ष के लिए एक एसी उपलब्ध कराया गया था, लेकिन भंडारण कक्ष का विस्तार होने के कारण अतिरिक्त एसी की आवश्यकता थी। इस अवसर पर अस्पताल प्रभारी डॉ. शिखर अग्रवाल, बीईटीओ सैय्यद असलम, जनप्रतिनिधि रवि नाहर, आरएमए प्रज्ञा कुशवाहा, एलएचवी आर. विश्वास, तृप्ति चंद्राकर, आलिया खातून, हर्षा मानिकपुरी, मनोरमा बंछोर, पारूल देशमुख सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का भावपूर्ण वर्णन, सांसद विजय बघेल हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ थानखम्हरिया

स्थानीय रामचंद्र सागर धर्मशाला में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें एवं अंतिम दिवस कथा व्यास आचार्य अक्षय नारायण दुबे महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की सच्ची, निस्वार्थ एवं आदर्श मित्रता का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं एवं सुदामा चरित्र के प्रसंग सुनकर भाव-विभोर हो उठे।

कथा व्यास ने बताया कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने बालसखा भगवान श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुंचे। साधारण वेशभूषा में होने के कारण द्वारपालों ने उन्हें रोक लिया, लेकिन जब सुदामा ने स्वयं को श्रीकृष्ण का मित्र बताया तो यह सूचना प्रभु तक पहुंचाई गई। सुदामा का नाम सुनते ही भगवान श्रीकृष्ण नंगे पांव दौड़ते हुए महल के द्वार तक पहुंचे और अपने प्रिय मित्र को हृदय से लगा लिया। उन्होंने सुदामा का सम्मानपूर्वक स्वागत कर आदर्श मित्रता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं, सुभद्रा



हरण प्रसंग तथा अन्य दिव्य चरित्रों का भी वर्णन किया गया। आचार्य दुबे ने कहा कि मित्रता किस प्रकार निभाई जाती है, यह भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा के जीवन से सीखा जा सकता है। इस अवसर पर दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल कथा स्थल पहुंचे तथा कथा व्यास का आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण-सुदामा की आकर्षक झांकी पर पुष्पवर्षा कर श्रद्धा व्यक्त की।कार्यक्रम के मुख्य यजमान राजेश ठाकुर एवं उमा ठाकुर ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

ये रहे उपस्थित कथा समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर पंडित रामविलास शर्मा, पंडित ओम प्रकाश जोशी, अनिल सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, गोपाल कागलीवाल, दिलीप सिंह राजपूत, भानु सिंह परिहार, नयन ठाकुर, यज्ञ शर्मा, ऐश्वर्य अग्रवाल, शुभम सिंह, वंश केडिया, अर्पित राजपूत, संतोष अग्रवाल, ढाल सिंह राजपूत, गिरीश शर्मा, सुनील राजपूत, विपिन शर्मा, घनश्याम केडिया, पुखराज गहरवाल, दिग्विजय सिंह राजपूत एवं प्रमोद सिंघानिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

श्रीमद्भागवत कथा के सफल आयोजन में सिद्धिविनायक गणेश उत्सव समिति का सराहनीय योगदान रहा। समिति के सदस्यों ने कथा आयोजन की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित कर श्रद्धालुओं के लिए उत्कृष्ट वातावरण उपलब्ध कराया।

## विकास की रफ्तार तेज, नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य शुरू

# 75 लाख से होगा नाली एवं पुलिया निर्माण, हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ महापौर ने गुणवत्ता पर ध्यान रखने के दिए निर्देश

नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा शहर के पटरीपार क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और नागरिकों की वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। महापौर अलका बाघमार ने लोककर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वार्ड क्रमांक 14, 15, 16 एवं 44 में 75 लाख रुपये से अधिक की लागत से होने वाले नाली एवं पुलिया निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। लंबे समय से जल निकासी और आवागमन की समस्याओं से जूझ रहे लोगों ने विकास कार्यों की स्वीकृति एवं भूमिपूजन पर महापौर एवं निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### चार वार्डों में होंगे विकास कार्य, जल निकासी समस्या से मिलेगी राहत

भूमिपूजन अंतर्गत वार्ड 44 गुरु घासीदास वार्ड में हिरामन साहू के घर से रानू के घर तक तथा पवन के घर से परऊ यादव के घर के पास तक लगभग 19 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 14 सिकोला भाठा की विभिन्न गलियों में 18 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्य होगा। वार्ड 15 सिकोला बस्ती में मानिकपुरी के घर तक तथा निर्मला के घर से प्रकाश के घर तक नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य लगभग 18 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। वहीं वार्ड क्रमांक 16 सिकोला बस्ती कर्मचारी नगर में साहू भवन से मुख्य नाला तक 20 लाख रुपये की लागत से नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य संपादित किया जाएगा। इन सभी कार्यों के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में जलभराव की समस्या दूर होगी, बारिश के दौरान जल निकासी बेहतर होगी तथा नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी।



### शहर के प्रत्येक वार्ड में विकास की रफ्तार तेज

नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा वर्तमान में विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली, पुलिया, पेयजल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य लगातार स्वीकृत और प्रारंभ किए जा रहे हैं। निगम का लक्ष्य शहर के प्रत्येक वार्ड में नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाकर समग्र विकास को गति देना है, ताकि आमजन को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा कार्य

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के सभी क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सड़क, नाली और पुलिया निर्माण के कार्य लगातार स्वीकृत किए जा रहे हैं। भूमिपूजन कार्यक्रम में पार्षद ललिता ठाकुर, युवराज कुंजाम, खिलावन मटियारा, रंजीता पाटिल, सावित्री दमाहे, भाजपा जिला प्रवक्ता अरुण सिंह, मंडल अध्यक्ष मनमोहन सिंह, सहायक अभियंता संजय ठाकुर,उप अभियंता सिद्धार्थ साहू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने विकास कार्यों के लिए नगर निगम एवं महापौर का आभार व्यक्त करते हुए निर्माण कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने की अपेक्षा जताई।

# नेवई-उतई मुख्य मार्ग पर 141 डिजाइनर पोल लोकार्पित

**भिलाई।** नेवई से उतई मुख्य मार्ग पर नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए 3 किलोमीटर तक लगाए गए 141 डिजाइनर पोल का विधायक ललित चंद्राकर ने बटन दबाकर लोकार्पण किया। इन पोल की कुल लागत राशि 1.95 लाख रुपए है। लोकार्पण अवसर पर ललित चंद्राकर ने कहा कि नेवई-उतई मुख्य मार्ग पर डिजाइनर स्ट्रीट लाइट लगने से अब रात में आवागमन करने में सुविधा होगी। छात्र-छात्राओं, कामकाजी महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को अब अंधेरे की वजह से परेशानी नहीं होगी। सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी और असामाजिक तत्वों पर भी अंकुश लगेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है। विधायक ने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में रिसाली, नेवई, उतई सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का और विस्तार किया जाएगा। इस अवसर पर रिसाली निगम महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सदस्य सनीर साहू, राजू जंघेल, अनुपम साहू, नरेन्द्र निर्मलकर, मनोज साहू, शिखा तिवारी आदि उपस्थित थे।

